राजस्थान को मिली छह खेलों में राष्ट्रीय स्कूली स्पर्द्धाओं की मेज़बानी

चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2023 को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वर्ष 2023-2024 के लिये 67वाँ नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर जारी करते हुए राजस्थान को टेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, वेटलिफ्टिंग, सॉफ्टबॉल और कबड्डी की छ: राष्ट्रीय स्कूली स्पर्द्धाओं की मेज़बानी सौंपी है।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर में एक साथ आधा दर्जन खेलों के नेशनल मुकाबलों के आयोजन का यह पहला मौका होगा।
- स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में जोधपुर में टेनिस (अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्रा संवर्ग), दिसंबर 2023 के द्वितीय सप्ताह में बाड़मेर में बास्केटबॉल (अंडर-14 छात्रा संवर्ग) के टूर्नामेंट आयोजित होने प्रस्तावित हैं।
- इनके अलावा फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में श्री गंगानगर में जूडो (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), नवंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में सॉफ्टबॉल (अंडर-17 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में जयपुर में कबड्डी (अंडर-17 छात्रा संवर्ग) तथा नवंबर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में वेट लिफ्टिंग (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग) के टूर्नामेंट आयोजित होने प्रस्तावित हैं।
- शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला एवं शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान ने बताया कि प्रदेश को एक साथ इन 6 राष्ट्रीय स्पर्द्धाओं की मेज़बानी प्राप्त होना ऐतिहासिक है। इससे विभाग के तहत स्कूली खेल गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा और राज्य में सभी खेलों में प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे।
- उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली, भोपाल और ग्वालियर में आयोजित 66वें नेशनल स्कूली गेम्स में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के बैनर तले राजस्थान के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्द्धाओं में 8 स्वर्ण, 9 रजत और 15 कांस्य पदक जीतते हुए शानदार प्रदर्शन किया था।
- शिक्षा निदेशालय, बीकानेर से खेलकूद प्रभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक विगत वर्षों में अलग-अलग अवसरों पर प्रदेश में 6 बार स्कूली गेम्स से संबंधित खेल स्पर्द्धाओं के राष्ट्रीय आयोजन हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-got-to-host-national-school-competitions-in-6-sports